करौली-हिण्डौन पत्रिका

11 राजस्थान पत्रिका patrika.

करौली, सोमवार, 27 मार्च, 2023

### स्वयंसेवकों ने बस्ती में घर-घर किया सर्वे

# रैली निकाल नशा मुक्ति का दिया संदेश

हिण्डौनसिटी @ पत्रिका. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मे चल रहे राष्ट्रीय सेवा योलना के विशेष शिविर में रविवार को जागरुकता के कार्यक्रम आयोजित हुए। एनएसएस की दोनों यूनिटों के स्वयंसेवकों ने संयुक्त रूप से रैली निकाल कर लोगों को नशा मुक्ति के प्रति जागरुक किया।

साथ ही खुद नशा मुक्त रहे दूसरों को भी नशा नहीं करने के लिए प्रेरित करने का संकल्प दिलाया। प्राचार्य सुरेश चंद मीणा ने बताया कि जागरुत्ता रैली को महाविद्यालय प्रांगण से एनएसएस की कार्यक्रम प्रभारी उपमा मीणा ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। रैली महाविद्यालय से निकल गोद ली हुई बस्ती इस्लामपुरा पहुंची। जहां स्वयंसेवकों ने लोगों नशे के शारीरिक व सामाजिक दुष्प्रभावों के बारे में बताया। इस दौरान छात्रों ने घर घर पहुंच शिक्षा और स्वास्थ्य को लेकर सर्वे भी किया। साथ ही बस्ती में श्रमदान का साफ सफाई कार्य भी किया। इससे पूर्व पहले सत्र में सुबह महाविद्यालय परिसर में 'परीक्षा के दौरान तनाव प्रबंधन की भूमिका' विषय पर बौद्धिक कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ.महेश कुमार गर्ग ने छात्र-छात्राओं को तनाव मुक्त रहते हुए परीक्षा की तैयारी करने के गुर बताए। साथ ही कम अवध में पाठ्क्रम के दोपहरान के समय प्रबंधन करने की जानकारी दी। इस अवसर पर अभिषेक ठाकुर, राजू सिंह बेनीवाल आदि मौजूद रहे।




हिण्डौनसिटी. राजकीय महाविद्यालय में जागरुकता रैली को रवाना करती कार्यक्रम प्रभारी।

## पुस्तकें पढ़ें, समय का करें प्रबंधन

करौली. स्थानीय राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में सफाई अभियान चलाया। एनएसएस की प्रत्येक यूनिट को समूह में विभाजित किया गया। इसके बाद कॉलेज सभागार में स्वयंसेवकों की जागरूकता सभा हुई, जिसकी अध्यक्षता भूगोल विभाग के सहायक आचार्य मनमोहन मीना रहे। उन्होंने राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी दी। मुख्य अतिथि पूर्व पुस्तकालयाध्यक्ष कैलाशचन्द शर्मा ने विद्यार्थियों को पुस्तकालय का अधिकाधिक उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। मुख्य वक्ता मण्डरायल कॉलेज के एएओ लक्ष्मीकांत मीना ने स्वयंसेवकों को समय प्रबंधन, इको सिस्टम, पर्यावरण विषय से जागरूक किया। इस मौके पर प्रवेश गौड़, रूपदास बैरवा ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन प्रो. विश्राम सिंह मीना ने किया। प्रोफेसर बिजेश कुमार मीना ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर स्वयंसेवक-स्वयंसेविकाएं व संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

## विद्युत समस्या समाधान शिविर आज

मंडरायल. बकाया विद्युत बिल सहित अन्य समस्याओं के समाधान के लिए सोमवार को औंड गांव में शिविर आयोजित होगा। सहायक अभियंता एमके पिंगोलिया ने बताया कि सुबह 11 बजे से शिविर आयोजित होगा।